कक्षा पाँचवी

अजंता की सैर

अजंता की गुफाओं का बाहरी दृश्य

Open



पाठ – 9.

DATE: / 20
PAGE No

प्र०1. अजंता की गुफाएँ किसने और क्यों बनवाई ?

उत्तर:- अजंता की गुफाएँ अजंता के आसपास रहने वाले धनी व्यापारियों एवं किसानों ने बौद्ध भिक्षुओं के रहने और उपासना करने के लिए बनवाई।

प्र०2. अजंता के चित्रों में नजर आने वाले रंग इतने दिनों तक कैसे टिक पाए ?

उत्तर:- अजंता के चित्रों में नजर आने वाले रंग इतने दिनों तक टिक पाए क्योंकि ये रंग पत्थरों को पीसकर बनाए गए थे। ~~और~~

प्र०3 अजंता की गुफाओं में बने चित्रों का विषय क्या था ?

उत्तर:- अजंता की गुफाओं में बने चित्रों का मुख्य विषय बुद्ध के जीवन से जुड़ी जातक कथाएँ और बौद्ध धर्म है।

प्र०4. अजंता की गुफाएँ कितने साल पुरानी हैं ?

उत्तर:- अजंता की गुफाएँ 1600 से 2000 साल पुरानी हैं।

प्र०5. अजंता की गुफाओं में सबसे अधिक कौन-से रंग का प्रयोग हुआ है ?

उत्तर:- अजंता की गुफाओं में सबसे अधिक हरे रंग का प्रयोग हुआ है।

DATE: / 20
PAGE No

प्र०6. अनुपमा दशहरे की छुट्टियों में कहाँ गई ?

उत्तर:- अनुपमा दशहरे की छुट्टियों में महाराष्ट्र गई।

प्र०7. अनुपमा अपने मामाजी के घर कैसे गई ?

उत्तर:- अनुपमा अपने मामाजी के घर रेलगाड़ी से गई।

प्र०8. लेपिज़ लजूली नाम के पत्थर का उपयोग कौन-से रंग के लिए किया गया ?

उत्तर:- लेपिज़ लजूली नाम के पत्थर का उपयोग नीले रंग के लिए किया गया।

धन्यवाद